प्री बी.पी.एड. प्रवेश परीक्षा 2019 ऑनलाईन आवेदन करने हेतु सामान्य दिशा निर्देश

1. बी.पी.एड. पाठ्यक्रम सत्र् 2019–20 में प्रवेश लेने के इच्छुक योग्य अभ्यर्थी प्री बी.पी.एड. प्रवेश परीक्षा 2019 हेतु दिनांक 18 मार्च, 2019 से 25 अप्रेल, 2019 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।
2. बी.पी.एड. पाठ्यक्रम सत्र् 2019–20 में प्रवेश लेने के इच्छुक योग्य अभ्यर्थी सर्वप्रथम निम्न साईट पर उपलब्ध सूचनाओं एवं सामान्य दिशा निर्देश एवं इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु योग्यता का सावधानी पूर्वक अध्ययन करें तथा इसके पश्चात **यदि वे आवेदन हेतु योग्यता रखते है तो सर्वप्रथम प्री बी.पी.एड. प्रवेश परीक्षा 2019 की वेबसाईट यथा www.pbped2019.com पर पंजिकरण करवा के निर्देशानुसार परीक्षा शुल्क जमा करावें।**
3. अभ्यर्थी बी.पी.एड. परीक्षा शुल्क राशि रू. 700/–का भुगतान ऑनलाईन गेटवे के माध्यम से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड अथवा नेट बैकिंग से कर सकेगें तथा सफलतापूर्वक ऑनलाईन भुगतान के पश्चात अपने आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी प्रिंट कर सकेंगे। यदि अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान नकद करना चाहते है तो वे यूको बैंक के चालान के माध्यम से राजस्थान में यूकों बैंक की किसी भी शाखा में नकद जमा करवा सकेगें। परीक्षा शुल्क उपरोक्त माध्यम से ही स्वीकार होगा।
4. हाथ से भरे गए आवेदन–पत्र किसी भी रूप मे विभाग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
5. जिस बैंक में अभ्यर्थी का बैंक खाता है उसकी सूचना ऑनलाईन आवेदन पत्र में पूर्ण व सही सूचना देना आवश्यक है। जिसमें बैंक का नाम, बैंक खाता संख्या, बैंक की शाखा का नाम व बैंक का आईएफएससी कोड भरना आवश्यक है, यह सूचना आवश्यक (Mandatory) है। आवेदन पत्र जमा कराते समय बैंक की खाली निरस्त चैंक की फोटो प्रति संलग्न करें। गलत सूचना देने के लिए अभ्यर्थी की जिम्मेदारी होगी।
6. **ऑन–लाईन आवेदन पत्रों की प्रिन्ट प्रति जमा करवानें हेतुः** प्री.बी.पी.एड. 2019 के ऑनलाईन भरे हुये आवेदन पत्र की तीन हार्ड प्रतियॉ अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखें जिसमें से एक ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड प्रति अपने सभी शैक्षणिक व खेल प्रमाण पत्रों की स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपी व निरस्त चैंक या बैंक पास बुक की फोटों प्रति संलग्न कर **''समन्वयक, प्री बी.पी.एड. प्रवेश परीक्षा–2019, शारीरिक शिक्षा विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर–302004 (राजस्थान)''** के पते पर दिनांक **28 अप्रैल, 2019** तक व्यक्तिगत या रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से भिजवाना होगा। समय पर जमा नहीं करवाने की अवस्था में इस परीक्षा हेतु उसकी अभ्यर्थता नही मानी जायेगी।
7. शारीरिक दक्षता परीक्षण में उपस्थित होने की सूचना वेबसाईट पर दी जायेगी व सभी अभ्यर्थी खेल पोशाक में खेल बोर्ड, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में उपस्थित होगें।
8. शारीरिक दक्षता परीक्षण को एक अवसर में ही उत्तीर्ण (Qualify) करना होगा तथा उन्हीं सफल अभ्यर्थियों से वरियता सूची तैयार कर प्रवेश दिया जायेगा। जो अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण में अनुत्तीर्ण (Disqualify) होते है, उन्हें सीटों की उपलब्धता होने पर ही पुनः अवसर दिया जायेगा।
9. अभ्यर्थी प्री बी.पी.एड. 2019 की वेबसाईट **www.pbped2018.com** को समय समय पर देखते रहे, जिससे वें नयी सूचना से अवगत होते रहें।

(प्रो. कृष्णगोपाल शर्मा)
समन्वयक,
प्री बी.पी.एड. प्रवेश परीक्षा 2019
शारीरिक शिक्षा विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर– 302004